हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

मैं तो रातोंरात मालामाल हो गया जैसे भजनों से ... 11



बसों में पास को लेकर रोडवेज और आरटीओ में नहीं बैठ... 12



## खबर संक्षेप

### श्याम बाबा की मेहंदी की रात कार्यक्रम आज

**भिवानी।** श्रीश्याम गुणगान मंडल भिवानी समिति रजि. के तत्वावधान में श्रीश्याम बाबा श्याम की मेहंदी की रात कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंडल के श्याम सेवक प्रवीण बासिया ने बताया कि 24 अप्रैल को दादरी गेट स्थित राजश्री बैंकेट हाल हाऊसिंग बोर्ड में सायं 6:15 बजे श्याम बाबा की मेहंदी की रात कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य कलाकार अभिनव एरेन हिसार से तथा मोनू सलीम कलानौर से अपने भजनों से बाबा को रिझाएंगे।

### रामफल शर्मा ट्रस्ट के प्रधान बनाए

**भिवानी।** श्री श्याम बाबा धर्माथ धारेड़ू ट्रस्ट के उपप्रधान भानाराम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में जयभगवान का ट्रस्ट का कार्यकाल पूरा होने के कारण नए प्रधान का चुनाव किया गया। जिसमें रामफल को प्रधान और कुमार को सचिव बनाया। सभी कार्यकारिणी के सदस्यों ने नवनियुक्तों को बधाई दी।

### सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का चयन 25 को

**भिवानी।** घुसकानी के वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से 25 अप्रैल को सॉफ्टबॉल चयन ट्रायल आयोजित होगा। विद्यालय के मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर देना है ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सके। ट्रायल के माध्यम से 25 खिलाड़ियों की मुख्य टीम और 10 खिलाड़ियों की वेटिंग सूची तैयार की जाएगी। सभी इच्छुक विद्यार्थी व कोच को सुबह 9 बजे निर्धारित स्थल पर पहुंचकर भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं।

### जांगड़ा धर्मशाला में नए कार्यालय की रखी नींव

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा की जांगड़ा धर्मशाला में नए कार्यालय की नींव विधिवत रूप से रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और भगवान विश्वकर्मा की पूजा के साथ भूमि पूजन कर हुई। प्रधान मनोज कुमार डूडीवाला, सचिव रामपाल कारीतोखा और कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश जांगड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने कार्यालय की नींव रखी। इसके बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में धर्मशाला समिति के सदस्यों के साथ पूर्व प्रधान प्रकाशसिंह बेरला, भूप सिंह जांगड़ा, अशोक कुमार जांगड़ा, महिपाल सिंह जांगड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह आयोजन सामाजिक एकता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।

### सड़क पार करते समय हादसे में युवक की मौत

**बहल।** झुप्पा कलां बस स्टॉप पर हुए सड़क हादसे में बहल थाना के अंतर्गत बहल ढाणी के व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ढाणी धीरजा निवासी सुभाष अपने रिश्तेदार बहल ढाणी निवासी सोमबीर (42) के साथ को 21 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे पिकअप में झुंपा आया था। सुभाष ने सोमबीर को झुप्पा कला बस स्टैंड पर उतार दिया। सोमबीर जब सड़क पार कर रहा था, तभी राजगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आए ट्रक ने उसे सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल सोमबीर को तुरंत सिवानी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस सिवानी ने आरोपी चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूलों में भेजे 899 विद्यार्थियों व दो शिक्षकों के टैबलेट स्टॉक डेमेज मिले

# छात्रों ने फेसबुक-इंस्टाग्राम तो खूब चलाया पर टैबलेट से नहीं की पढ़ाई

टैबलेट गुम होने पर अभिभावकों को स्कूल में देनी होगी एफआईआर की कॉपी

- **202 विद्यार्थियों व एक शिक्षक के टैबलेट गुम होने, वापस नहीं करने व चोरी होने की समस्या सामने आई**
- **टैब योजना बनी सिरदर्द विद्यार्थियों के पथभ्रष्ट होने से शिक्षक व अधिकारी ले रहे टैबलेट**

राकेश भटठी ▶▶। भिवानी





हरियाणा में ई-अधिगम योजना के तहत प्रदेशभर में कक्षा 10-12 तक के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए गए थे। वर्ष 2022 में शुरू की योजना का उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना था, लेकिन कनेक्टिविटी की कमी, तकनीकी समस्याओं व दो जीबी मुफ्त इंटरनेट डेटा बंद करने से योजना के क्रियान्वयन में अनेक प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, जिसके बाद वर्तमान में योजना की स्थिति बहुत ही नाजुक बनी हैं।

ई-अधिगम योजना के तहत विभाग ने करोड़ों रुपये खर्च करके भिवानी जिले में विद्यार्थियों को 29979 व अध्यापकों को 1919 टैबलेट जारी किए थे। वहीं सरकार ने स्कूली स्तर पर गत 15 दिसंबर 2023 को विद्यार्थियों को 29617 व शिक्षकों को 1919 टैबलेट अलॉट किए थे, लेकिन योजना का सही ढंग से क्रियान्वयन न होने से योजना पथभ्रष्ट हो गई, जिससे विद्यार्थी टैबलेट के लॉक तुड़वाकर उसमें फेसबुक चलाना, इंस्टाग्राम, व्हाट्स एप व अश्लील वीडियो आदि तक चलाने लगे। वहीं सबसे बड़ी समस्या विद्यार्थियों द्वारा टैबलेट नहीं लौटाने की बनने लगी, जिसके बाद शिक्षा विभाग व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कड़ा रुख अख्तियार किया और टैब नहीं लौटाने वाले छात्रों को स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, डीएमसी व चरित्र प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का आदेश जारी करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि कई तकनीकी खामियों और विद्यार्थियों द्वारा दुरुपयोग किए जाने के कारण ई-अधिगम ('टैब' योजना) योजना अब सिरदर्द बन चुकी है। शिक्षक एवं अधिकारी योजना की समस्याओं से परेशान होकर 'टैबलेट' ले रहे हैं। इसके साथ ही सबसे बड़ी समस्या विद्यार्थियों द्वारा टैबलेट नहीं लौटाने की बनने लगी। शिक्षा बोर्ड व शिक्षा विभाग को ऐसा निर्णय फरीदाबाद सहित अनेक जिलों के करीब 500 विद्यार्थियों द्वारा टैबलेट नहीं लौटाने की समस्या के चलते लिया। वहीं स्कूलों में भेजे 899 विद्यार्थियों व दो शिक्षकों के टैबलेट स्टॉक डेमेज मिले। इसके अलावा 202 विद्यार्थियों व एक शिक्षक के टैबलेट गुम होने, वापस नहीं करने व चोरी होने की समस्या सामने आई। **बारहवीं परीक्षा खत्म होने के पांच दिन के अंदर लौटाना होता हैं टैबलेटः** बारहवीं की परीक्षा देने वाले प्रदेशभर के करीब 500 छात्रों ने टैबलेट वापस नहीं लौटाए, जिसके बाद शिक्षा विभाग व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कड़ा रूख अपनाया और निर्धारित समय के भीतर यानि परीक्षा खत्म होने के पांच दिन के अंदर टैबलेट, चार्जर व सिम कार्ड स्कूल में जमा नहीं करवाए तो उनका परिणाम रोक दिया जाएगा। इस मामले में सबसे ज्यादा 100 मामले फरीदाबाद जिले से सामने आए, जहां छात्र परीक्षाएं खत्म होने के बाद भी टैबलेट वापस नहीं कर रहे हैं।

### दो जीबी इंटरनेट डेटा किया बंद, मोबाइल बने सफेद हाथी

जिन बच्चों को टैबलेट दिए गए थे, उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए दो जीबी इंटरनेट डेटा मुफ्त मिलता था, लेकिन पिछले शिक्षा सत्र से उक्त डेटा बंद कर दिया गया। अब अभिभावकों को अपने पैसे से डेटा लेना पड़ता है, जिसके चलते एक तरह से पढ़ाई पर ब्रेक लग गए हैं। वहीं विद्यार्थियों ने टैबलेटों के लॉक तुड़वा दिए और उसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्स एप व अश्लील वीडियो आदि चलाने की बाते सामने आई हैं। वहीं टैबलेट में बहुत अच्छी शिक्षण सामग्री नहीं दी गई, जिसके चलते ऐसा हुआ। समय समय पर टैबलेट में शिक्षण सामग्री को अपग्रेड किया जाता तो ओर बेहतर परिणाम आ सकते थे।

### बदमाशी करने वाले विद्यार्थियों पर पुलिस की पैनी नजर

टैबलेट टूटने, गुम होने व चोरी होने की स्थिति में विद्यार्थी से किसी प्रकार का कोई जुर्माना वसूल नहीं किया जाता, ऐसी स्थिति में विद्यार्थी के अभिभावक को पुलिस थाने में जाकर एफआईआर दर्ज करवाने होगी और उसकी एक प्रति स्कूल में देनी होगी, ताकि बच्चे की ओर से टैबलेट की स्थिति दर्ज की जा सके और स्टॉक की पूर्ति हो सकें। इसके साथ ही जान बूझकर बदमाशी करने वाले विद्यार्थियों पर पुलिस की पैनी नजर भी रहती हैं।

### नहीं रहेगी टैबलेट की कमी

सरकारी स्कूलों में कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए ई-अधिगम योजना के तहत टैबलेट दिए जाते हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला बढ़ने की स्थिति में टैबलेट की कमी नहीं रहने दी जाएगी, कोई भी स्कूल शिक्षक स्कूल टाइम मे आकर टैबलेट लें व जमा करवा सकता हैं। इसके अलावा टैबलेट से संबंधित कोई समस्या हैं तो भी वह आकर जानकारी जुटा सकता हैं। हमारे पास बच्चों द्वारा इस्तेमाल करके जमा करवाए गए करीब पांच सौ टैबलेट हैं, जिनका आगे प्रयोग किया जा सकता। सरकारी की तरफ से अभी नए टैबलेट नहीं आए हैं।

**-राकेश रोहिल्ला,** जिला नोडल अधिकारी, टैबलेट ई-अधिगम योजना, भिवानी

## डिटेक्टिव स्टाफ ने चोर गिरोह के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

- पूछताछ में पांच कम्प्यूटर और 4 हजार रुपये बरामद

**लोहारू।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में राजकीय विद्यालयों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने चोर गिरोह के दो सदस्यों को काबू किया और पूछताछ के दौरान उनके कब्जे से पांच कम्प्यूटर और चार हजार रुपये की नकदी बरामद की है।

स्थानीय डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने गांव सिरसा घोघड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई चोरी की वारदात में शामिल गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विद्यालय के राजेश कुमार द्वारा थाना सदर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसमें बताया गया कि 20 मार्च 2026 की रात्रि को अज्ञात चोर स्कूल से कंप्यूटर, बैटरी, सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना सदर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में डिटेक्टिव स्टाफ उप निरीक्षक गंगाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो आरोपियों रोहतक जिला निवासी शेर सिंह और रवि को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया। दोनों को पुलिस ने न्यायालय से दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की तथा चोरी किए गए पांच कम्प्यूटर और चार हजार रुपये की राशि बरामद की।



तोशाम। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कामना रापड़िया इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

- युवा कल्याण संगठन ने किया सम्मानित

क्षेत्र के गांव जुई की प्रतिभाशाली बेटी कामना रापड़िया ने एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा में 47वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। कामना रापड़िया, जोकि जोगिंदर रापड़िया की पुत्री हैं, का चयन इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर युवा कल्याण संगठन द्वारा कामना रापड़िया को शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।

संगठन के संरक्षक कमल प्रधान और प्रवक्ता अनिल शेषमा ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना की। कमल प्रधान ने कहा कि कामना रापड़िया की सफलता आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। वहीं, अनिल शेषमा ने भी कामना को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। युवा कल्याण संगठन ने आशा जताई कि कामना रापड़िया अपने पद पर रहते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश सेवा करेंगी और नशे के खिलाफ युवा को जागरूक कर समाज के लिए एक आदर्श स्थापित करेंगी।

## 24 घंटे में भुगतान के दावे फेल, किसान-आढ़ती परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बाढ़ड़ा

**मंडी प्रधान हनुमान की अध्यक्षता में आढ़तियों ने सांसद धर्मवीर सिंह के सामने रखीं समस्याएं**



क्षेत्र की बाढ़ड़ा अनाजमंडी में इस बार गेहूं की भरपूर आवक होने के बावजूद उठान कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे किसान और आढ़ती दोनों परेशान हैं। सरकार द्वारा 72 घंटे के भीतर भुगतान के दावे भी यहां जमीनी हकीकत में फेल नजर आ रहे है।

कस्बे के केनाल विश्रामगृह में मंडी प्रधान हनुमान की अध्यक्षता में आढ़तियों ने सांसद धर्मवीर सिंह के सामने समस्या रखते हुए बताया कि अब तक करीब 95 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन इसके मुकाबले महज 26 हजार क्विंटल का ही उठान हो पाया है। वहीं करीब 42 हजार क्विंटल की ही बिलिंग हो सकी है। उठान कार्य में देरी के कारण मंडी में गेहूं के ढेर लग गए हैं और जगह की कमी भी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जब तक उठान नहीं होता, तब तक भुगतान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती। ऐसे में फसल बेचने के बाद भी किसानों को पैसों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। आढ़तियों ने भी कहा कि भुगतान में देरी से उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है और मंडी में अव्यवस्था बढ़ती जा रही है।

सरकार ने पहले दावा किया था कि किसानों को 48 से 72 घंटे के भीतर भुगतान किया जाएगा, लेकिन बाढड़ा अनाज मंडी में हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। उठान की धीमी गति के कारण पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। किसानों और आढ़तियों ने प्रशासन से मांग की है कि उठान कार्य को तुरंत तेज किया जाए, ताकि समय पर भुगतान हो सके और मंडी में फसल का जमाव कम हो।

### नीट परीक्षा को लेकर डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

**भिवानी।** जिले में आगामी तीन मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों परीक्षा से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिला में विभिन्न स्थानों पर सात सेंटर बनाए जाएंगे, जिनमें 3817 परीक्षार्थी होंगे। बैठक के दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व निष्पक्ष होनी चाहिए।

## मुख्य न्यायाधीश के कार्यक्रम को लेकर एसडीएम ने अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

- तोशाम में न्यायिक परिसर के मकानों का डिजिटली करेंगे शिलान्यास

एसडीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के 25 अप्रैल को भिवानी आगमन को लेकर तोशाम में न्यायिक परिसर के मकानों का डिजिटल तरीके से शिलान्यास समारोह बेहतर तरीके आयोजित करने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई।

उन्होंने ऑन लॉइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये होने वाले शिलान्यास समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। वहीं दूसरी ओर एसडीएम ने कार्यक्रम के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते, जिन विभागों जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा से निभाए। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भिवानी में आगमन पर तोशाम न्यायिक परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत डिजिटल तरीके से तोशाम के न्यायिक निवास स्थानों की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं भव्य बनाने के लिए विभाग वार अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में कमी नहीं रहनी चाहिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में दौरान एसईपीओ अजय सिंह, उद्यान विभाग से डॉ. शशी, एएसआई प्रेम कुमार, लोक निर्माण विभाग से सुमित, न्यायालय से अनूप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जाति आधारित जनगणना और यूजीसी बिल पर आर-पार की जंग का ऐलान

# भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला

- जनगणना में पिछड़ा वर्ग की पहचान मिटाने की साजिश रच रही है भाजपा सरकार : दीपक जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी




वीरवार को पूरे भारत में भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। अपनी मांगों को लेकर पिछले दो महीनों से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे संगठनों ने देशव्यापी हड़ताल और चक्का जाम का ऐलान किया था। जिसके तहत वीरवार को भारत बंद किया गया। इसी कड़ी में भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले अनेक लोगों ने शहर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांगपत्र सौंपा। उपायुक्त की तरफ से उनके सुप्रीडेंट ज्ञापन लेने पहुंचे। यह आंदोलन केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी समाज के साथ की जा रही धोखाधड़ी और संवैधानिक अधिकारों के हनन के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। आंदोलनकारियों ने सरकार के सामने तीन प्रमुख ज्वलंत मुद्दे रखे हैं, जिन पर कोई समझौता न करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन के माध्यम से संगठनों ने आरोप लगाया कि कैबिनेट के फैसले के बावजूद आगामी राष्ट्रीय जनगणना के नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों का कॉलम नहीं दिया गया है। इसे ओबीसी समाज के साथ सीधे तौर पर विश्वासघात करार दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी और कमजोर रेगुलेशन बनाने का आरोप लगाते हुए मांग की गई है कि एससी, एसटी और ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाकर तुरंत लागू किया जाए।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया, जिला संयोजक बीवीएफ कुलदीप जमालपुर, विनोद सांगा, सुंदर सांगा, उदयभान बिजलानबास, गणेशीलाल वर्मा, सुरेंद्र भोला, सुनीता पास्टर, राजू खरक, अनुपमा रेवाड़ी, वर्षा निंगाना, सतबीर सिंह दहिया, राजमल बहमनी, रामपाल मेहरा, राजीव सैनी, डीके जांगड़ा, सतपाल बवानीखेड़ा, उषा दहिया, किरण, शकुंतला, दर्शन नाथुवास, सोमबीर रंगा, सतीश मेहरा, हरीश गौतम, धर्मबीर सांगा, पुरूषोत्तम, शीशपाल सिवाड़ा, मुरारी सिवाड़ा, अनिल नाथुवास, पवन गोकलपुरा, मनोज उमरावत, सतेंद्र पपोसा, अक्षय कायला, सवीन चौपड़ा कुड़ल, सुरजीत सिंह पालुवास, आनंद सिंह ललहाना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## लेबर कोड रद्द करने, 26000 न्यूनतम वेतन देने की मांग




**भिवानी।** भिवानी में संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर सुरेन्द्र मेमोरियल पार्क में निर्माण मजदूरों का कन्वेंशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटक नेता कृष्ण बड़सी व यूनियन नेता सदीक डाडम ने की। मजदूरों ने बंद पोर्टल खोलने, भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों पर कार्रवाई, 26,000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने, लेबर कोड रद्द करने और मनरेगा का पुराना कानून बहाल करने की मांग उठाई। नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले 10 महीनों से पोर्टल बंद होने से लाखों मजदूरों के पंजीकरण व लाभ रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि फर्जीवाड़े के नाम पर असली मजदूरों को योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। कन्वेंशन के बाद मजदूरों ने प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

### विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

### उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

### मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

### सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना





प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *




**किताब:** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन:** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर



**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202



1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?

बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर:** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले:** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



# मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को किया जाएगा जागरूकः संदीप

**भिवानी।** धानक जनकल्याण मंच हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि समाज को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए गांव गांव जाकर अभियान चला जाएगा,


संदीप खरकिया

जिसमें समाज के युवाओं को जागरूक करने के लिए समाज में नशा न करने के लिए शपथ दिलाई जाएगी, आज गांव खरक में अपने आवास पर उन्होंने मंच की बैठक में कहा कि आज समाज में नशा बड़ी तेजी से बढ़ रहा है ,इसे जड़ से उखाड़ फड़कने के लिए युवाओं के आगे आना जरूरी है।

### उपायुक्त ने टीकाकरण अभियान की समीक्षा की

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में जिले में चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण (एचपीवी) अभियान में तेजी लाएं। इसको लेकर आमजन को जागरूक करें और अपनी प्रफोर्मेंस में सुधार लाएं। समीक्षा बैठक में वीसी के माध्यम से जुड़े प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी प्रदेशभर के जिलाधिकारियों को टीकाकरण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीडीपीओ सोमबीर कादयान की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीडीपीओ कादयान ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ के समक्ष बड़ेसरा निवासी सुषमा ने बच्चों की प्राइवेट स्कूल से एसएलसी दिलवाने बारे, दिनोद गेट निवासी रेनू ने बेटी का सरकारी कन्या स्कूल में दाखिला करवाने बारे, मोहित तिवारी ने प्राईवेट स्कूल द्वारा 134-ए के तहत दाखिला होने के बाद फीस मांगने की शिकायत रखी। आशा रानी ने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से छात्रवृति दिलवाने, गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा ने पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में बिजली कटौती बारे, शहीद भगत सिंह कॉलोनी के निवासियों ने पेयजल संकट बारे, गांव जुई खुर्द के सरपंच सुरेंद्र सिंह ने प्लांट के बीचों-बीच रास्ते की पैमाइश करवाने की मांग की।

### आधार से जुड़ी सुविधाएं सुचारू रूप से मिलें

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आधार सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एडीसी ने जिला में नागरिकों को आधार से जुड़ी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। 18 साल से कम उम्र के बच्चे पीएचसी सेंटर में अपना आधार कार्ड निःशुल्क ठीक करवा सकते हैं। एडीसी ने कहा कि वे जिले में आधार पंजीकरण, अद्यतन (अपडेशन) और अन्य सेवाओं में पारदर्शिता अपनाई जाए।

## श्याम सांवरे के नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन

# मैं तो रातोंरात मालामाल हो गया जैसे भजनों से किया भाव-विभोर

श्रद्धालुओं ने पूरी रात भजनों की मधुर स्वर लहरियों का आनंद लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

बुधवार रात कस्बे की श्री कृष्ण वाटिका में श्री खाटू श्याम मंडल बहल द्वारा पांचवां सुनहरी शाम सांवरे के नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरी रात भजनों की मधुर स्वर लहरियों में श्याम भक्ति का आनंद लिया। संकीर्तन का शुभारंभ गायक कलाकार मनोज महमिया ने गणेश वंदना के साथ किया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात गायक कलाकार मनोज ने घुंघटियों आड़े आग्यो जी भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं में श्याम भक्ति का संचार किया।

रूपाली मेहता ने पवनसुत विनती बारम्बार के माध्यम से हनुमान जी की स्तुति के अलावा चलो बुलावा आया है माता रानी का भजन गाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। सोनू सिंगला ने सब झूमो नाचो गाओ, वो आने वाला है, राधे राधे रटो चले आयेंगे बिहारी और खाटू जी गया तो कमाल हो गया, मैं तो रातोंरात मालामाल हो गया जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। वहीं कलाकार कृष्ण गाबा ने राम नाम रटियों रे प्रभु मन बसियो रे भजन गाकर श्रद्धालुओं को राम भक्ति में डुबो दिया।


**बहल।** जागरण में अपनी प्रस्तुती देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### धार्मिक कार्यक्रम कर्म की शुद्धि का माध्यम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक संकीर्तन मन, वचन और कर्म की शुद्धि का माध्यम होते हैं। प्रभु भक्ति व्यक्ति को सत्कर्म के लिए प्रेरणा का माध्यम बनती है।


अन्य कलाकारों ने मेरी जिंदगी संवारी मुझको गले लगाकर और भटक गया बाबा मंजिल से मेरी जैसे भजनों की प्रस्तुति दी जिससे श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और श्याम बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# समारोह जोड़ेगा नया अध्याय:मड्डू

- महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम की सफलता को लेकर परमजीत सिंह मड्डू ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा राजपूत विकास महासभा के अध्यक्ष परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि 9 मई को अम्बाला के शहजाद पुर में होने वाले महाराणा प्रताप जयंती समारोह भीड़ की लिहाज से ऐतिहासिक होगा। क्योंकि लोगों में जयंती समारोह के प्रति जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने उक्त बात गुरुवार को गांव सैय में जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उसी कड़ी में 26 अप्रैल को कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा भिवानी व चरखी दादरी जाएंगे। जयंती समारोह में शामिल होने का न्योता देंगे।


**भिवानी।** लोगों को संबोधित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### महापुरुष किसी एक विशेष के नहीं

उन्होंने कहा कि महा पुरुष किसी एक विशेष बिरादरी व समाज के नहीं होते,बल्कि सभी समाज के लोगों के लिए आदरणीय होते है। जिसमें भिवानी से हजारों की भीड़ पहुंचेगी। इस मौके पर धर्मसिंह परमार, हीरा सिंह, सरपंच फूल कुमार, ओमल,पप्पु, रमेश, सुरेश, चंद्रपाल, राजेश, सतबीर परमार, राजेंद्र, धूपा, महेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे

### सीटीएम ने सुनीं शिकायतें समाधान के दिए निर्देश

**चरखी दादरी।** लघु सचिवालय स्थित हाल में सीटीएम डॉ सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सीटीएम ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र एवं अन्य संबंधित विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं के अतिशीघ्र निदान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आई समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करें। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता से बीमारियों से बचाव


**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एचडी पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएचसी बिरोहड़ के डॉ. मेजर पंकज एमबीबीएस ने विद्यार्थियों को अच्छे खानपान और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेजर पंकज ने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता का पालन करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों को जंक फूड से दूरी बनाकर हरी सब्जियां, फल, दूध और पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी।

# चेतना की मिक्स खिचड़ी रही प्रथम

- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए दी सही खान-पान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे आठवें पोषण पखवाड़े के तहत वीरवार को हनुमान ढाणी के आंगनबाड़ी केंद्र में समापन समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम जिला प्रशासन और उपायुक्त साहिल गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली और महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण के दिशा-निर्देशों के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में वार्ड नंबर 15 पार्षद कविता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए अतिथि भोज का आयोजन किया, जहां उपस्थित मेहमानों को घर के बने पौष्टिक व्यंजनों का स्वाद चखाया गया। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण रेसिपी कंपटीशन रहा। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने मोटे अनाज (मिलेट्स) और स्थानीय उपलब्ध सामग्री से बने पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चेतना की मिक्स खिचड़ी को प्रथम, कमला द्वारा बनाए गए गुलगुले व अंकुरित मूंग को द्वितीय, रेनू द्वारा बनाया गया डोसा तथा ज्योति द्वारा बनाए इडली-सांभर तृतीय स्थान मिला।

# सरपंच ने बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन

- आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ रैसिपी गुणवता जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में वीरवार को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गांव ढाणी माहू में आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ, रैसिपी गुणवता जांची। वहीं गांव चनाना स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए पोषण एवं शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम वैशाली सिंह के मार्ग दर्शन में गांव ढाणी माहू आंगनबाड़ी में सरपंच रणबीर सिंह द्वारा रेसिपी का निरीक्षण किया गया।


**भिवानी।** पोषण पख्वाड़ा के दौरान भोजन का स्वाद चखते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### संतुलित आहार का महत्व बताया

सुपरवाइजर श्रीमती रश्मि द्वारा बच्चों को संतुलित आहार के महत्व एवं नियमित पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। रश्मि ने बच्चों को बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है, इसलिए पौष्टिक भोजन और नियमित अध्ययन दोनों ही जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को हरी सब्जियां, फल, दालें और दूध लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान संरपंच रणवीर सिंह और पंच मनजीत ने सैन्टर में पहुंचकर बच्चों के लिए तैयार की गई रैसिपी की गुणवता जांची। जो निर्धारित मानकों के अनुसार पाई गई। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया और व्यंजनों का जायका लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जांगी,रीति, आदि मौजूद रहीं।

### खेल आधारित शिक्षा के महत्व की जानकारी दी

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में चल रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया। सुपर वाईजर सुशील बाला ने अभिभावको को खेल आधारित शिक्षा के महत्व के बारे में बताया कि बच्चे खेल-खेल में बेहतर तरीके से सीखते हैं। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर विशेष पोर दिया गया। चनाना के कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों को अनुशासन और नियमितता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# भविष्य को ध्यान में रखकर बनाएं योजनाएं

- सांसद ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि विभागीय अधिकारी आगामी 25-30 वर्षों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं तैयार करें। जिससे कि भविष्य में आम जन को मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से मिलती रहे। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह बाढ़डा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक को बतौर चेयरमैन संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बाढडा विधायक उमेद पातुवास भी मौजूद रहे। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार एसडीएम बाढडा आशीष सांगवान और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि विकास योजनाओं का खाका आम नागरिकों की जरूरतों को मद्देनजर रखते हुए बनाया जाना चाहिए। अधिकारियों की निगरानी में ग्रामस्तर पर ग्रामसभा की बैठक बुलाई जाए और उसमें करवाए जाने वाले विकास कार्यों की प्रस्तावना बनाई जाए। सांसद ने एक एक करके एजेंडे के अनुसार संबंधित विभागों से कार्यों एवं योजनाओं की चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाइवे नंबर 148बी पर दो तीन जगह पर काफी समय से बहुत खराब हालत हैं।


**चरखी दादरी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते उपायुक्त। *फोटो: हरिभूमि*

### पेयजल की व्यवस्था करें

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सबसे पहले पिने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत विभाग से समन्वय स्थापित करके ग्रामीण इलाकों में वाटर बाडी सेंटर बनाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में उसमें की जा सके। गांवों में सीमेंट के बिजली के खंबे लगाए जाएं और तारों को व्यवस्थित ढंग से लगाया जाना चाहिए।

# गोरक्षकों का धरना दूसरे दिन भी जारी

- उपनिदेशक पहुंचे धरना स्थल पर, किया समझौता करवाने का प्रयास, असफल रही कोशिश
- सरकारी लापरवाही का शिकार हुए बेजुबान जीव, कर्मचारियों की उदासीनता ने ली बेजुबानों की जान : परमार


**भिवानी।** गोरक्षक दूसरे दिन भी बैठे धरने पर। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

बेजुबान जीवों की सेवा और उनके संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च करने वाली सरकारी डायल 1962 एंबुलेंस सेवा अब हरियाणा के भिवानी में महज एक सफेद हाथी साबित हो रही है।

कर्मचारियों की कथित लापरवाही और ड्यूटी के प्रति घोर उदासीनता के कारण जिले में बेजुबान जानवरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी के विरोध में गौरक्षा दल भिवानी का अनिश्चितकालीन धरना राजकीय वेटनरी पॉलीक्लीनिक के सामने वीरवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दूसरे दिन गौरक्षकों का आक्रोश सातवें आसमान पर दिखा। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थिति को बिगड़ता देख पशुपालन विभाग के उप निदेशक रविंद्र सहरावत ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने और समझौता करवाने का प्रयास किया, लेकिन बातचीत सिरे नहीं चढ़ पाई तथा गौरक्षकों ने अपना धरना जारी रखा। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी रिकॉर्ड में एंबुलेंस कर्मचारियों की ड्यूटी दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक तय है, लेकिन धरातल पर सच्चाई डराने वाली है। हमने हाल ही में बीमार जीवों के लिए 7 केस दर्ज करवाए थे।

# वीरांगना के निधन पर जताया शोक

- केसर देवी का जीवन त्याग, तपस्या और देशभक्ति का अद्भुत संगमः संपूर्ण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

भिवानी छात्र महापंचायत के संयोजक एवं प्रख्यात छात्र नेता संपूर्ण सिंह ने 110 वर्षीय केसर देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे समाज और राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि केसर देवी का जीवन त्याग, तपस्या, धैर्य और देशभक्ति का अद्भुत उदाहरण रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। संपूर्ण सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि केसर देवी केवल एक परिवार की मुखिया ही नहीं थीं, बल्कि वे उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती थीं।


**तोशाम।** शहीद की पत्नी केसर देवी के निधन शोक जताते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### युवाओं के लिए मार्गदर्शन

उनके पति सूबेदार महाबीर सिंह ने द्वितीय विश्व युद्ध में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ऐसे वीर सैनिक की धर्मपत्नी होने के नाते केसर देवी ने अपने जीवन को सादगी, संघर्ष और उच्च आदर्शों के साथ जिया। उन्होंने कहा कि केसर देवी ने अपने जीवनकाल में समाज के प्रति जिम्मेदारी, परिवार के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा का जो परिचय दिया, वह आज के युवाओं के लिए एक मार्गदर्शन है। उनका जीवन यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और संकल्प के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। संपूर्ण सिंह ने कहा कि आज जब समाज तेजी से बदल रहा है, ऐसे में केसर देवी जैसे व्यक्तित्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और संघर्षपूर्ण यात्रा समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। अंत में संपूर्ण सिंह ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## पोषण पखवाड़े का तोशाम में कार्यक्रम के साथ हुआ भव्य समापन

# महिलाओं तथा बच्चों के शारीरिक विकास के लिए सही पोषण आवश्यक : नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गत 9 अप्रैल से प्रारंभ किए गए पोषण पखवाड़े का गुरुवार 23 अप्रैल को तोशाम में खेल स्टेडियम के सामने स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर सुपरवाइजर कुसुम मलिक के नेतृत्व में भव्य समापन हुआ। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में तोशाम के नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार का विभाग की सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात नायब तहसीलदार अशोक कुमार उपस्थित आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर तथा अन्य महिलाओं से रूबरू हुए और विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बारीकी से जानकारी ली। वहीं आंगनवाड़ी वर्कर तथा हेल्पर के द्वारा तैयार किए गए पोषित देसी खाने का भी नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने बारीकी से निरीक्षण कर उसकी विस्तृत जानकारी ली।



**तोशाम।** पोषण पखवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए।

### कम हो रहे हैं कुपोषण के आंकड़े

नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कहा कि पोषण पखवाड़े के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जो विभिन्न जानकारियां गर्भवती महिलाओं तथा अन्य महिलाओं तक पहुंचाई गई है वह काबिले तारीफ है। जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं को विभिन्न जानकारियां प्राप्त हुई हैं जिससे महिलाओं तथा बच्चों में पोषण की कोई कमी नहीं रहेगी। उनका कहना था कि सही पोषण महिलाओं तथा बच्चों के शरीर के सही विकास के लिए तथा बीमारियों से दूर रहने के लिए बहुत जरूरी है। नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों के अथक प्रयास की बदौलत ही ग्रामीण स्तर पर बदलाव आ रहे हैं और कुपोषण के आंकड़े बहुत कम हो चुके हैं।

## आरटीओ ऑफिस ने प्राइवेट बस संचालकों को भेजा पत्र, , रोडवेज जानकारी नहीं

# बसों में पास को लेकर रोडवेज और आरटीओ में नहीं बैठ रहा तालमेल

**पत्र भेजने की जानकारी के बाद निजी बस ऑपरेटर उलझ रहे**

बस अड्डे पर रोजाना हो रहे फ्री पास को लेकर निजी बस संचालक व लाभार्थियों के बीच झगड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्टेज कैरिज स्कीम के तहत प्राइवेट बसों में फ्री या रियायत वाला पास मान्य को लेकर 21 अप्रैल को परिवहन आयुक्त कार्यालय चंडीगढ़ से सभी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को पत्र जारी करके जारी नियम पालन कराए जाने के आदेश दिए। आदेशों को दो दिन का वक्त बीत गया।

अभी तक केवल निजी बस संचालकों के पास ही इस तरह पत्र पहुंच गया,लेकिन अभी तक जहां से फ्री पास वाले लाभार्थियों का सफर जहां से (रोडवेज बस अड्डा) शुरू होता है,वहां पर इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। मौखिक जानकारी तो रोडवेज के पास पहुंची है,लेकिन वे मौखिक जानकारी को किस तरह से हकीकत में उतार पाएंगे। जिसका खामियाजा फ्री व रियायत वाले लाभार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। दो दिन पहले पत्र भेजने की जानकारी के बाद बस अड्डों पर फ्री बस पास व निजी बस ऑपरेटर उलझ रहे है।

21 अप्रैल को परिवहन आयुक्त ने सभी डीटीओ को पत्र भेजकर स्टेज कैरिज स्कीम 2016 के अंतर्गत अलाटमेंट के अनुसार 10 मार्च 2017 के अनुसार बिंदू संख्या 11 में यह स्पष्ट किया गया है कि परमिट धारक छात्रों तथा रियायती या मुफ्त पास धारकों को अपनी बसों में उसी प्रकार ले जाने के लिए बाध्य होंगे। जैसे हरियाणा रोडवेज करती है अथवा राज्य सरकार समय समय पर जो भी अन्य प्रावधान किए जाए।

### उनके अंडर में नहीं आती रोडवेज बसें: टीएम

रोडवेज के यातायात प्रबंधक भरत सिंह ने बताया कि निजी बसें रोडवेज विभाग के अंतर्गत नहीं आती। ऐसे में उनका इन बसों से कोई लेना देना नहीं है। अगर कोई नया आदेश लागू करवाना है तो आरटीओ विभाग ही करवाएगा।

### ...करना होगा पालन

पत्र के अनुसार वर्तमान में मुक्त व रियायती यात्रा के पात्र व्यक्तियों की सूची सलंगन है इस उद्देश्य के लिए कोई सब्सिडी देय नहीं होगी। आदेशों में कहा गया है कि बिंदू संख्या 11 सहित सभी शर्तों एवं नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और इसे आमजन के हित में तथा पात्र की भावना के अनुरूप सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

### जानकारी के अभाव में नहीं हो पा रहा समाधान

लाभार्थियों को निजी बसों में बस पास की सुविधा नहीं मिलती तो वे सीधे रोडवेज के अधिकारियों के पास पहुंच जाते है। उनका तर्क होता है कि निजी बस उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती। चक्कर काटने के बाद भी उनकी शिकायत पर कोई अमल नहीं हो पा रहा। अधिकांश को यह जानकारी नहीं है कि निजी बसों पर आरटीओ का कंट्रोल होता है। क्योंकि बस अड्डे पर आरटीओ का कोई अधिकारी या कर्मचारी तैनात नहीं होता। रोडवेज के पास पत्र लागू करवाने का अधिकार नहीं है, वहीं आरटीओ कार्यालय का कोई नुमाइंदा यहां पर नहीं मिलता। ऐसे में किस तरह से सरकारी आदेश लागू हो पाएगा। इसी वजह से रोजाना स्कूल व कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी व रियायती पास वाले लाभार्थी निजी बस ऑपरेटरों के साथ उलझ रहे है।

### अगर शिकायत है तो हमारे पास करें : आरटीओ कार्यालय

इस बारे में आरटीओ कार्यालय के अधिकारी भूषण से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पत्र सभी निजी बस संचालकों के पास भेज दिया है। अगर उसके बाद भी किसी को कोई शिकायत है तो आरटीओ कार्यालय में शिकायत दे सकता है। साथ ही उनसे रोडवेज को पत्र भेजे जाने के बारे में पूछे जाने पर बताया कि हम उनको पत्र क्यों भेजे। किसी को निजी बसों से शिकायत है तो उनके पास आए । वे उन निजी बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, चालान भी काटेंगे।

# सही जानकारी एवं समय पर इलाज पर टीबी को देता मातः डॉ. नागेश

- दातना पीर सैय्यद मेले में तीसरे वीरवार को नि :शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शिविर में जांच करते एवं जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनाना ने सामाजिक सरोकार और मानवता की सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। एसएमओ डा. नागेश महषि के नेतृत्व में मुंढाल स्थित प्रसिद्ध दातना पीर सैय्यद मेले में लगातार तीसरे वीरवार को निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया। शिविर में ना केवल सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई, बल्कि उन्हें गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया गया। शिविर को सफल बनाने मे डा. नसीब सांगवान, प्रदीप डीईओ, डॉ. रेखा सीएचओ, कमलेश एएनएम, राजेश एचआई, दीपक स्टैनो की विशेष भूमिका रही। मुंढ़ाल के दातना पीर सैय्यद पर हर वीरवार को साप्ताहिक मेला भरता है, जहां हरियाणा और आसपास के राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

डॉ. नागेश महर्षि ने यहां नियमित शिविर लगाने का निर्णय लिया था। इस वीरवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुस्तैदी के साथ अपनी सेवाएं दीं। इस शिविर का मुख्य आकर्षण टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता अभियान रहा। इस मौके पर एसएमओ डा. नागेश महर्षि ने बताया कि टीबी केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक चुनौती है, जिसे सही जानकारी और समय पर इलाज से मात दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को लगातार दो सप्ताह से ज्यादा खांसी है, तो उसे तुरंत जांच करानी चाहिए, शाम के समय बुखार आना, वजन का अचानक कम होना और भूख न लगना टीबी के संकेत हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और इलाज पूरी तरह मुफ्त है।

# पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरीः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव कैरु स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू के प्राचार्य एस एन पालीवाल ने अर्थ-डे के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ व खुशहाल जीवन के लिए प्रकृति के साथ जुड़ना जरूरी है। उनका कहना था कि देश के नागरिक और धरती वासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि इस धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाएं। ऐसे में पर्यावरण को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। इसमें केवल सरकार या प्रशासन ही सब कुछ नहीं बल्कि आम लोगों को भी जागरूक होना होगा और इसकी शुरूआत खुद से पौधारोपण कर करनी होगी। यदि देखा जाए तो पर्यावरण आमतौर पर पेड़ पौधों और हरियाली के संरक्षण को ही दर्शाता है। अगर आने वाली पीढ़ी को बचाना है तो पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। इसके लिए हमें भूमि, वायु, पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से करना होगा।

### विश्व योग दिवस की तैयारियां शुरूः गजानंद

**बवानीखेड़ा।** शरीर हमारे समस्त कार्यों को सिद्ध करता है इसलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए उक्त शब्द बताते हुए आयुष विभाग भिवानी सज्जनपुर व्यायामशाला के इंचार्ज आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताते हुए कहा की हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा आयुष मंत्री आरती राव और हरियाणा योग आयोग चेयरमैन डॉ जयदीप सिंह आर्य के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा जिला योग समन्वयक डॉ संजय वैद जिला योग विशेषज्ञा डॉ निशा खट्टर के मार्गदर्शन में जिला भिवानी की प्रत्येक व्यायामशाला में विश्व योग दिवस के 75 दिवसीय योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## श्रीसनातन संस्कृति के संवाहक हर्ष भारद्वाज का भिवानी पहुचंने पर गोरक्षा दल ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट, गौ माता और स्वदेशी के गौरव को पुर्नस्थापित करने के संकल्प के साथ भारत भ्रमण पर निकले सनातनी हर्ष भारद्वाज वीरवार को का भिवानी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गौरक्षा दल भिवानी के सदस्यों ने हर्ष भारद्वाज की अटूट श्रद्धा और उनके कठिन परिश्रम का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। बता दे कि सनातनी हर्ष भारद्वाज ने 21 अगस्त 2023 को अपनी इस ऐतिहासिक भारत यात्रा का श्रीगणेश किया था। उनका संकल्प एक हजार दिनों तक निरंतर भ्रमण कर समाज को जागृत करना है। यात्रा के दौरान उन्होंने न केवल भारत के कोने-कोने को नापा, बल्कि नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों में भी सनातन संस्कृति का अलख जगाया। इस मौके पर गोरक्षा दल के संगठन मंत्री कुकी परमार ने हर्ष भारद्वाज का स्वागत करते हुए बताया कि आज उनकी कठिन एवं प्रेरणादायक यात्रा का 981वां दिन है। उन्होंने कहा कि सनातनी हर्ष भारद्वाज का भिवानी की धरा पर आना हमारे लिए गर्व की बात है। मात्र 21-22 साल की उम्र में युवा अन्य दिशाओं में भटक रहे हैं, वहीं हर्ष सनातन धर्म, स्वदेशी और गौ सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर रहे हैं। हम उनके विचारों और इस साहसी संकल्प से बेहद प्रभावित हैं।



## पार्षद अनीता ने बच्चों व महिलाओं को दुग्ध उत्पादों के महत्व की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे आठवें पोषण पखवाड़े के अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में अतिथि भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम उपायुक्त साहिल गुप्ता और एडीसी दीपक बाबूलाल करवा के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर सुजाता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हेडमास्टर राकेश शर्मा, वार्ड 18 की पार्षद अनीता व उनके पति अनिल कुमार ने शिरकत की।

पार्षद अनीता ने बच्चों व महिलाओं के लिए दुग्ध उत्पादों के महत्व को समझाते हुए इस योजना की जानकारी सांझा की। विभाग की मुहिम की उन्होंने सराहना की तथा विभाग में उपलब्ध राशन की सराहना करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों के पोषण के लिए सराहनी कार्य कर रहा है।



### खबर संक्षेप

### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**चरखी दादरी।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित सुंदर और शिक्षाप्रद चार्ट बनाए। साथ ही, विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ. परविंदर चित्तौड़िया ने बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दीं।



## विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता से दिया विश्व हीमोफिलिया दिवस पर जागरूकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हीमोफिलिया दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल स्थित आईसीएचएच सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य थीम निदान देखभाल की ओर पहला कदम रखी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों और नारों के माध्यम से हीमोफिलिया के लक्षणों, इसके बचाव और समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया।



## लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आंगनबाड़ी वर्कर एण्ड हैल्परस यूनियन हरियाणा की महिलाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अतिरिक्त जिला उपायुक्त कार्यालय परधरना दिया तथा अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान मूर्ति बिजारणियां व जिला महासचिव सरोज चहल ने संयुक्त रूप से की। मूर्ति बिजारणियां ने बताया कि राज्य कमेटी के आहवान पर धरना दिया है। लंबे समय से मांगों की अनदेखा कर रखा है। उन्होंने बताया कि उनके उपर कार्य सरकारी कर्मचारी का है लेकिन अभी तक कर्मचारी घोषित नहीं किया गया। गुजरात हाई कोर्ट ने आदेश दे दिया कि इन्हे सरकारी कर्मचारी घोषित करे उसी तरह अब हरियाणा सरकार ने भी करना चाहिए।

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए

**बवानीखेड़ा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाने के विषय पर प्रेरणादायक भाषण एवं सुंदर कविताएं प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक पोस्टर बनाए। संस्था प्रभारी मुकेश भारद्वाज एवं संजय भारद्वाज, हिंदी के अध्यापक राममेहला कौशिक एवं सत्य कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा।

### सरस्वती विद्या विहार में पृथ्वी दिवस पर रचनात्मक कार्यक्रमों की धूम



**भिवानी।** सरस्वती विद्या विहार, आसलवास दूबिया में कल पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से गूंज उठा। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी संरक्षण पर आधारित आकर्षक एवं विचारोत्तेजक स्लोगन लिखे गए तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**बाढ़ड़ा।** पृथ्वी दिवस पर संत पीतानन्द विद्यालय जेवली में विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पौधें लगाए तथा अधिक से अधिक पौधें लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संचालक नवीन प्रकाश ने कहा कि पृथ्वी को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## हलवासिया विद्या विहार में पारितोषिक वितरण समारोह, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में सत्र 2025 -26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में समाज सेवी देवराज मेहता ने शिरकत की । माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय में एक विशेष उपलब्धि 100 प्रतिशत उपस्थिति के तहत छात्र मुकुल कुमार ,यानिक सोनी, प्रिंस को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा सातवीं में 184 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 49 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अंक प्राप्त किया।



## बवानीखेड़ा क्लस्टर में कक्षा तत्परता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कलस्टर स्तर पर कक्षा तत्परता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 9 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई कक्षा के लिए मानसिक, शैक्षणिक एवं व्यवहारिक रूप से तैयार करना तथा शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम सीआरसी संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसकी कमान एबीआरसी राज कुमारी द्वारा शिक्षकों संग संभाली। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को कक्षा तत्परता अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### केशव कला समिति व संस्कार भारती ने मनाया भू-अलंकरण दिवस

**भिवानी।** पृथ्वी दिवस पर केशवल कला विकास समिति एवं संस्कार भारती भिवानी ने मिलकर भू अलंकर दिवस मनाया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने बहुत ही सुंदर रंगोली बनाई। इस दौरान करीबन 150 बच्चों ने भाग लिया। समिति के अध्यक्ष एवं संस्कार भारती के विभाग संयोजक शिवकुमार चित्रकार ने बच्चों को रंगोली की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रंगोली को भी हमारे पूर्वजों ने भगवान का दर्जा दिया है। रंगोली बनाने से पूर्व भूमि को अच्छी तरह से साफ करके नंगे पांव से रंगोली बनानी चाहिए। क्योंकि रंगोली भी शुद्धता का प्रतीक है। महाराष्ट्र में तो हर रोज सबसे पहले नहा-धोकर अपने घर के द्वार पर रंगोली बनाते है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**गुवाहाटी में गूंजी गांव बामला की बेटी अनुष्का दुहन के मुक्के की धमक**

# यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनुष्का ने जीता गोल्ड मेडल

### विपक्षी खिलाड़ी की रणनीति भांपने में माहिर अनुष्का ने सर्विसेज टीम में बनाई जगहः कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मिनी क्यूबा और खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी जिले के गांव बामला की बेटी अनुष्का दुहन ने अपनी मुक्कों की धमक से एक बार फिर साबित कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों, तो आसमान भी छोटा पड़ता है। असम के गुवाहाटी स्थित डॉन बॉस्को यूनिवर्सिटी में 13 से 19 अप्रैल तक आयोजित 8वीं यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनुष्का ने 80 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। बता दें कि अनुष्का ने मुक्केबाजी की शुरूआत भिवानी के भिवानी बॉक्सिंग क्लब से द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच जगदीश सिंह की देखरेख में की थी।

आमतौर पर खिलाड़ी अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन अनुष्का ने अपनी प्रतिभा के दम पर सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की टीम में जगह बनाई और वहीं से रिंग में उतरकर प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती देते हुए पदक हासिल किया। सेना के अनुशासन एवं कड़े प्रशिक्षण का असर उनकी तकनीक में साफ नजर आया। अनुष्का की सफलता के पीछे आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे की कड़ी मेहनत है। पुणे के इसी संस्थान में अनुष्का ने दिन-रात पसीना बहाया है। उनके पिता मनीष अपनी बेटी की उपलब्धि पर फूले नहीं समा रहे हैं। गांव बामला में भी खुशी का माहौल है और ग्रामीण पूरे क्षेत्र का गौरव मान रहे हैं। कोच सूबेदार अजय साई और सूबेदार धीरज रांगी ने अनुष्का की तकनीक और मानसिक मजबूती की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अनुष्का एक ऐसी मुक्केबाज है, जो विपक्षी की रणनीति को भांपने में बहुत तेज है। पुणे में अभ्यास के दौरान उसने जिस तरह की एकाग्रता दिखाई, उसका परिणाम आज सबके सामने है। हमारा लक्ष्य केवल नेशनल मैडल तक सीमित नहीं है, हम उसे भविष्य की ओलंपिक संभावना के रूप में देख रहे हैं। अनुष्का दुहन ने श्रेय अपने कोचों और पिता के मार्गदर्शन को दिया।



भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता अनुष्का दूहन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जी-तोड़ मेहनत जारी रखूंगी

अनुष्का दुहन ने कहा कि असम में नेशनल चैंपियनशिप का अनुभव कमाल का रहा। सर्विसेज की टीम से खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। पुणे के कैंप में जो ट्रेनिंग मुझे मिली, उसने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। मेरा सपना देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड जीतना है और मैं इसके लिए जी-तोड़ मेहनत जारी रखूंगी।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926